Name

Roll No.

कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या

# S-221070–A

## विषय : हिन्दी

समय : 3 घण्टे ]

[ पूर्णांक : 75

***निर्देश*** : (*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में उचित सम्बन्ध जोड़िए सम्बन प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *30* शब्द है प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *50* शब है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *75* शब है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 16 अपठित गद्यांश हैं। इसमें 5 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 17 निबंध-लेखन का प्रश्न है। इसका उत्तर लगभग *250* से *300* शब्दों लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित है।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 18 पत्र-लेखन है। इसमें 5 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक के सभी प्रश्नों में विकल्प दिया गया है।

**प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(*i*) 'बादल को घिरते देखा है' के कवि हैं :

(*अ*) नागार्जुन

(*ब*) मुक्तिबोध

(*स*) दुष्यंत कुमार

(*द*) अज्ञेय

(*ii*) मिट्टी से कलाकृतियाँ बनाना है :

(*अ*) मृण शिल्प

(*ब*) हस्त शिल्प

(*स*) काष्ठ शिल्प

(*द*) ताम्र शिल्प

(*iii*) घीसा ने अंतिम विदाई में अपनी गुरु साहब को दिया :

(*अ*) रुपया

(*ब*) साड़ी

(*स*) फूलों का हार

(*द*) तरबूज

(*iv*) 'गृह प्रवेश' कविता किस छन्द में है ?

(*अ*) बरवै छंद

(*ब*) चौपाई छंद

(*स*) मुक्तक छंद

(*द*) सोरठा छंद

(v) 'जेबकतरा' पाठ से हमें शिक्षा मिलती है :

(अ) मानवीय संवेदना की

(ब) सामाजिकता की

(स) आर्थिक क्षेत्र की

(द) धार्मिक क्षेत्र की

प्रश्न-1 **( खण्ड-ब )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(i) अमकंटक का गर्व ——— को माना जाता है।

(ii) दिनकर जी ने ईश्वर का प्रतिनिधि ——— को माना है।

(iii) 'हताहत' शब्द का अर्थ ——— है।

(iv) कोठी म धान छलक जाए, ये जिनगी फेर ——— जाए।

(v) 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' ——— विधा से संबंधित पाठ है।

प्रश्न-1 **( खण्ड-स )** उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| | **( क )** | | **( ख )** |
|---|---|---|---|
| (i) | टैक्स | - | कर्मशील मनुष्य |
| (ii) | वीरनारायण सिंह को फाँसी दी गई | - | हिटलर व स्टॉलिन |
| (iii) | धरती के हीरा | - | रायपुर नगर मध्य जयस्तंभ चौक |
| (iv) | 24 मिनट का काल खण्ड | - | शुल्क या कर |
| (v) | अधिनायकता का प्रतीक | - | घड़ी |

प्रश्न-2 छायावादी रचनाकार के नाम लिखिए (**कोई दो**)। [1+1=2]

प्रश्न-3 'तुरतुरिया' नामक स्थान क्यों प्रसिद्ध है ? [2]

प्रश्न-4 घीसा कक्षा लगने के पूर्व क्या तैयारी करता था ? [2]

प्रश्न-5 कवि ने मिट्टी तोड़ने वाले और खेतों में काम करने वालों को देवता क्यों कहा है ? [2]

प्रश्न-6 'श्रुति समभिन्नार्थक' शब्द किसे कहते हैं ? [2]

प्रश्न-7 रीतिकाल की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1=3]

प्रश्न-8 लेखक और जेबकतरा में आपने किन समानताओं का अनुभव किया ? लिखिए। [3]

प्रश्न-9 'आशु कवित्व' से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए। [2+1=3]

प्रश्न-10 गर्मी की छुट्टियाँ लगने पर प्राय: सबके मन में खुशी और दु:ख के मिले-जुले भाव होते हैं, छुट्टियाँ होने पर आप एवं आपके साथी कैसा महसूस करते हैं, तथा क्या करते हैं ? लिखिए। [3]

प्रश्न-11 नर्मदा सूख जाएगी तो हमलोग कैसे बच सकेंगे ? वनवासी स्त्री द्वारा ये बात क्यों कही गई ? लिखिए। [4]

***अथवा***

'बादल को घिरते देखा है' कविता में कवि ने बसंत ऋतु के दृश्य का चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न-12 ''गुँगुवावत मया भभक जाए'' पंक्ति में खुलकर स्नेह प्रकट करने को कहा गया है। इस कथन का क्या उद्देश्य है ? [4]

***अथवा***

सिकुमार किसान से मंजदूर कैसे बन गया ? लिखिए।

श्न-13 निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए : [4

सदियों की ठण्डी-बुझी राख सुगबुगा उठी,
मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है;
दो राह, समय के रथ का घर्घर नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

***अथवा***

अब्दों, शताब्दियों, सहस्राब्द का अंधकार,
बीता, गवाक्ष अंबर के दहके जाते हैं,
यह और नहीं कोई, जनता के स्वप्न अजय
चीरते तिमिर का वक्ष उमड़ते जाते हैं।

श्न-14 लेखक बनने के लिए शरत बाबू के क्या-क्या सुझाव थे ? **चार** सुझाव लिखिए। [1+1+1+1=4

***अथवा***

'जेबकतरा' कहानी पढ़ने के बाद मन में कौन-से भाव जागृत होते हैं ? कोई **चार** भाव विस्तार से लिखिए।

न-15 कवि ने जीवन की समानता झरने से किन-किन रूपों में की है ? अपने शब्दों में लिखिए। [4

***अथवा***

आज की परिस्थितियों में एक आदर्श व्यक्ति के जीवन की क्या-क्या विशेषताएँ हो सकती हैं ? लिखिए।

**प्रश्न- 16** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1+1+1+1+1=5]

"अनुशासन का अर्थ है—नियम-विधियों का पालन करना। इसका सर्वोत्तम रूप है—आत्मानुशासन। जिसके तहत 'स्व' को मर्यादा व संयम के दायरे में रखा जाता है। अनुशासित व्यक्ति अपने आचरण से मूल्यों को व्यवहार में ढालकर आदर्श प्रस्तुत करता है। वह आत्मनियंत्रण से विवेकपूर्ण निर्णय लेता है कि कौन-सा कृत्य करने लायक है और कौन-सा त्याज्य। अनुशासन एक प्रकार का भाव है जो लोकमंगल की ओर प्रवृत्त रहता है। समाज, शासन, लोक तथा सदाचार आदि के नियमों का अनुपालन करना अनुशासन का अंग है। अनुशासन नैतिकता से परे नहीं है।"

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) सर्वोत्तम एवं आत्मानुशासन शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए।

(*iii*) अनुशासन क्या है ? इसका सबसे अच्छा रूप क्या है ?

(*iv*) अनुशासित व्यक्ति आदर्श कैसे प्रस्तुत करता है ?

(*v*) अनुशासन किससे परे नहीं है ?

(*vi*) अनुशासन और नैतिकता शब्दों में से उपसर्ग एवं प्रत्यय अलग कीजिए।

**श्न-17** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250-300* शब्दों में निबंध लिखिए : [2+4+2=

(*i*) विकास के पथ पर छत्तीसगढ़

(*ii*) परहित सरिस धर्म नहीं भाई

(*iii*) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका

(*iv*) कोविड-19 : एक महामारी

(*v*) संचार क्रांति

**प्रश्न-18** अच्छे साहित्य के अध्ययन से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई को एक प्रेरक-पत्र लिखिए। [1+3+

***अथवा***

परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाधीश को एक आवेदन-पत्र लिखिए।

---